आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट दो हजार चौबीस का परीक्षा परिणाम आज घोषित हो गया। यूपी बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज से जारी परीक्षा परिणामों के अनुसार हाई स्कूल में 89 दशमल 55 प्रतिशत व इण्टरमीडिएट में 82 दशमलव 60 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाई स्कूल में 86 दशमलव 05 प्रतिशत बालक व 91 प्रतिशत बालिका जबकि इण्टमीडिएट में 77 दशमलव 77 प्रतिशत बालक व 88 दशमलव 42 प्रतिशत बालिकाए उत्तीर्ण हुई हैं। प्रदेश के टापरों की लिस्ट में इण्टरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा प्रथम बागपत के विष्णु चौधरी, अमरोहा की काजल सिंह, सीतापुर की कशिश मौर्य और सिद्धार्थनगर के चार्ली गुप्ता द्वितीय स्थान और सीतापुर की ही शीतल वर्मा को तृतीय स्थान मिला है। इसी तरह हाईस्कूल में सीतापुर की प्राची निगम को प्रथम, फतेहपुर की दीपिका सोनकर को द्वितीय और सीतापुर की नव्या सिंह, स्वाती सिंह, दीपांशी सिंह और प्रतापगढ़ के अर्पित तिवारी को तीसरा स्थान मिला है।

बोर्ड परीक्षायें बारह दिनों बाइस फरवरी से नौ मार्च के बीच आयोजित की गयी थी। हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट को मिलाकर कुल पचपन लाख पच्चीस हजार तीन सौ आठ परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

इनमें हाईस्कूल में उन्तीस लाख सैंतालीस हजार तीन सौ ग्यारह और इण्टरमीडिएट में पच्चीस लाख सतहत्तर हजार नौ सौ सत्तानबे छात्र–छात्रायें पंजीकृत थे। कुल तीन लाख चौबीस हजार आठ परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी।

****

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये आज नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी हो गयी। इस चरण में कुल एक सौ बयासी प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नाम वापसी की तिथि कल तय है। इसके बाद ही यह तय हो सकेगा कि इस चरण में कितने प्रत्याशी मैदान में रहेंगे। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इस चरण में दस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों– सम्भल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सिकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला शामिल है।

****

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस चरण में प्रदेश की तेरह सीटों– शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में आगामी तेरह मई को मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया के तहत आज कानपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रमेश अवस्थी ने नामांकन किया। वहीं, कल इटावा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे, धौरहरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार नरसिंह और पॉलीटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार ने नामांकन किया था। प्रदेश की इन तेरह संसदीय सीटों के लिये नामांकन पत्र पच्चीस अप्रैल तक दाखिल किये जा सकेंगे। छब्बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, उन्तीस अप्रैल को नाम वापसी और तेरह मई को मतदान होगा।

****

लोकसभा के दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता जनसभाएं, रैलियां और जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी क्रम में आज मथुरा से भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी के पक्ष में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वृन्दावन में जनसभा को सम्बोधित किया। हरदोई के पाली कस्बे में भाजपा नेता नरेश अग्रवाल की जनसभा हुयी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी के पक्ष में कानपुर नगर में जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर क्षेत्र में विकास दिखायी पड़ रहा है। उधर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमरोहा में गठबंधन प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया।

****

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अमरोहा के राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज हसनपुर की छात्राओं ने मॉकपोल के जरिए मतदान की प्रक्रिया के बारे में लोगों को जानकारी दी। वहीं हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के जरिये लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस तरह गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, अयोध्या, वाराणसी समेत कई जिलों में रैली, नुक्कड़ नाटक व विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को मतदान के प्रेरित किया गया।

****

मैनपुरी जिले के भोगाँव थाना क्षेत्र में आज सुबह एक ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर–ट्राली पलट गयी, जिससे चार महिलाओं की मौत हो गयी जबकि चौबीस लोग घायल हो गये। मृतक और घायल कन्नौज जनपद के निवासी हैं। सभी लोग मैनपुरी के बेलधारा गाँव में एक नामकरण संस्कार में शामिल होकर वापस कुंवरपुर गांव लौट रहे थे। घटना की जानकारी होने पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पँहुचे और घायलों को अस्पताल पंहुचाया। गम्भीर घायलों को सैफई रेफर किया गया है।

****